-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मंडल कारागार बांदा का मा0 जिला न्यायाधीश बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा का किया गया निरीक्षण। संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

विवरण- आज दिनांक 25.09.2025 को मा0 जिला न्यायाधीश बांदा श्री देवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा एवं पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारागार बांदा का निरीक्षण से किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर, बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, महिला एवं पुरुष बंदियों के वार्ड, सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह निर्देशित किया गया कि बंदियों को नियमानुसार समुचित सुविधाएं प्रदान की जाएं, जैसे कि समय से भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल एवं विधिक सहायता।